राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल की महाशिवरात्रि पर शुभकामनाएं

—

जयपुर, 20 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने महाशिवरात्रि के पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि '' महाशिवरात्रि का पर्व हमें आपसी सद्भाव और मानवता की सेवा करने की याद दिलाता है। यह पर्व समाज में समरसता के वातावरण का निर्माण करता है। '' राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की है।

राज्यपाल का शहादत को सलाम

जयपुर, 19 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में 10 फरवरी को हुए माओवादी हमले में घायल गण्डाला (अलवर) निवासी सीआरपीएफ जवान श्री अजीत सिंह के मंगलवार को उपचार के दौरान शहीद हो जाने पर उनकी शहादत को सलाम किया है।

श्री मिश्र ने कहा कि सीआरपीएफ के इस जवान ने शहादत देकर अपने परिवार के साथ ही पूरे प्रदेश और देश का सिर गर्व से ऊंचा किया है। श्री मिश्र ने ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

राज्यपाल की संवेदना

जयपुर, 19 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जयपुर के बजाज नगर निवासी स्वतत्रंता सेनानी श्री दुर्गा प्रसाद अग्रवाल के निधन हो जाने पर संवेदना व्यक्त की है।

श्री मिश्र ने ईश्वर से स्वतत्रंता सेनानी की आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क), राज्यपाल